GANESH
Test Tube Baby Centre

ओवम पिक-अप गाइड

संपर्क करें
+91 88000 97150

www.ganeshtesttube.in

ओवमपिकअप से पहले

तारीख और समय: ओवम पिकअप के दिए गए तारीख और समय का कड़ाई सेपालन करें। समय पर पहुंचें – देरी न करें।

यदि पिकअप सुबह है: मध्यरात्रि 12:00 के बाद कुछ भी न खाएँ या पिएँ (यहाँ तक कि पानी भी नहीं)। अस्पताल खाली पेट आएँ।

यदि पिकअप शाम है: निर्धारित आने के समय से 6–7 घंटे पहले से कुछ भी न खाएँ या पिएँ (इसमें पानी भी शामिल है)। अस्पताल खाली पेट आएँ।

रूटीन कार्य: अस्पताल आने से पहले नहाना और बाथरूम जैसी सामान्य दैनिक क्रियाएँ कर सकते हैं।

आभूषण: संभव हो तो सभी आभूषण (चूड़ियाँ, हार, आदि) घर पर ही निकालकर आएँ।

पति का सेमेन सैंपल:

- पति को ओवम पिकअप के उसी दिन वीर्य (सेमेन) देना होगा। उन्हें खाली पेट आने की जरूरत नहीं; वे चाय और नाश्ता कर सकते हैं।
- सेमेन देने से 3–4 दिन पहले यौन संबंधों से परहेज़ करें।
- यदि सैंपल देने में कठिनाई हो तो एक दिन पहले डॉक्टर से संपर्क करें।

नियमित दवाइयाँ: यदि आप थायरॉइड या ब्लड प्रेशर की दवा लेती हैं तो पिकअप के दिन केवल आधा या एक घूंट पानी लेकर दवा लें (डॉक्टर से पुष्टि करें)।

खुशबू न लगाएँ: परफ्यूम, तेल या कोई भी सुगित पदार्थ न लगाएँ।

दवा का पैकेट: ओवम पिकअप के दिन अपनी मेडिसिन पैकेट साथ लाएँ।

ओवम पिकअप के बाद

आराम: पिकअप के बाद अस्पताल में 3–4 घंटे आराम करें।

तरल पदार्थ शुरू करना: 3–4 घंटे के बाद एक घूँट पानी लें; यदि मतली/उल्टी न हो तो धीरे-धीरे पानी बढ़ाएँ।

हल्का पेय/नाश्ता: इसी अवधि के बाद नारियल जूस या चाय के साथ 1–2 बिस्कुट ले सकते हैं। मौखिक आहार प्रारंभ होने पर तरल पदार्थ अधिक पियें।

ठोस आहार: लगभग 7 घंटे बाद हल्का भोजन (दलिया, दाल-खिचड़ी, दाल-चावल आदि) ले सकते हैं। अगले दिन से सामान्य आहार वापस शुरू किया जा सकता है।

रक्तस्राव / स्पॉटिंग: हल्की स्पॉटिंग सामान्य है — घबराएँ नहीं, पर अपने डॉक्टर को सूचित करें।

दर्द: हल्का पेट दर्द सामान्य है। यदि दर्द तीव्र हो या पेशाब करने में कठिनाई हो तो तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें।

दवाइयाँ: पिकअप के बाद जो दवाइयाँ शुरू की गई हैं, उन्हें समय पर लें।

www.ganeshtesttube.in

GANESH

Test Tube Baby Centre

Visit

www.ganeshtesttube.in

for the latest updates, exclusive discounts, and special offers.